तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी

तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी,
रहे ऊँची तेरी शान....हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी......

सारे जहां की दाती लिखे तकदीर तू,
चाहे वो राजा हो या चाहे फ़कीर हो......-2
दे होंठो पे मुस्कान हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी......

सब सुख की दानी दाती सब सुख की खान हो,
चिंता मिटाती सबकी तुम तो महान हो......-2
करे हर मुश्किल आसान हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी......

देती दुआएं सबको ताज बनाये तू,
संतोषी रूपी दीपक मन में जलाये तू.....-2
देती संतोष का दान हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी......

तेरी कृपा से मेरा हुआ हर मेरा काम है,
करती कराती तुम हो बस मेरा नाम है.....-2
मेरी तुझसे है पहचान हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी,
रहे ऊँची तेरी शान....हे माँ संतोषी,
तेरे व्रत की महिमा महान हे माँ संतोषी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23411/title/tere-vrat-ki-mahima-mahan-hey-maa-santoshi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |